आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 15.03.2025 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने **वन नेशन वन इलेक्शन** को चुनाव सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–सरकार महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है।
- विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित।
- पद्म पुरस्कार 2026 के लिए आज से ऑनलाइन नामांकन शुरू।

000

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने वन नेशन वन इलेक्शन को चुनाव सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। श्री मेघवाल ने आज जयपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पहले भी देश में एक साथ चुनाव हुए हैं। एक साथ चुनाव होना संघीय ढांचे पर किसी प्रकार का प्रहार नहीं है।

कानून मंत्री ने जयपुर में आज एक निजी विश्वविद्यालय में नए विधि भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कानून और धर्म विषय पर व्याख्यान भी दिया। कार्यक्रम में राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनिल कुमार उपमन और जयपुर सांसद मंजू शर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इनके अलावा बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थियों ने भी शिरकत की।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज शक्ति वंदन महोत्सव को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि राजीविका से जुड़ी महिलाएं लखपति दीदी बनती हैं और अपने उत्पाद बनाती हैं। इससे उन्हें आर्थिक सम्बल मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राजीविका के उत्पाद खरीद रही है, जिससे महिलाओं को बाजार उपलब्ध हो सके और वे सशक्त बन सकें।

...............

कार्यक्रम में जयपुर सांसद मंजू शर्मा और जयपुर नगर निगम ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर भी मौजूद रहीं। सशक्त नारी, समृद्ध समाज थीम पर हो रहे इस तीन दिवसीय महोत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रम महिलाओं को समर्पित हैं।

इस दौरान स्वच्छता योद्धाओं की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की निःशुल्क वैक्सीन लगाई जा रही है। महिलाओं और बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर भी हो रहे हैं। **आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम** थीम पर तीन सौ स्टॉल्स भी लगाई गई हैं।

000

भारतीय रिज़र्व बैंक–आरबीआई को ब्रिटेन में संेट्रल बैंकिंग के डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन अवॉर्ड 2025 के लिए चुना गया है। आरबीआई को **प्रवाह** और **सारथी** नाम की डिजिटल पहलों के लिए सम्मानित किया गया है। पुरस्कार समिति ने कहा है कि इन डिजिटल पहलों ने कागज़ के इस्तेमाल को कम किया है। जनवरी 2023 में शुरू की गई

सारथी पहल से रिजर्व बैंक में आंतरिक वर्कफ़्लो डिजिटल हो गया, जिससे कर्मचारी सुरक्षित रूप से दस्तावेज़ों को संग्रहीत और साझा करने में सक्षम बन गए। बैंक के उपभोक्ताओं के लिए मई 2024 में प्रवाह के रूप में शुरू की गई दूसरी पहल से उपभोक्ताओं को विनियामक आवेदन करने के लिए एक डिजिटल माध्यम मिल गया। इस पोर्टल के माध्यम से भेजे गए दस्तावेज़ों को सारथी डेटाबेस में प्लग किया जाता है। प्रवाह ने अब तक 70 से अधिक विभिन्न विनियामक अनुप्रयोगों को डिजिटल बनाने की अनुमति दी है।

000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने एल वी एम–थ्री प्रक्षेपण यान एलवीएम–एम सिक्स के छठे मिशन पर जाने वाले क्रायोजेनिक इंजन की फ्लाइट एक्सेप्टेंस हॉट टेस्टिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह परीक्षण तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में किया गया।

प्रक्षेपण वाहन मार्क–थ्री के रूप में भी जाना जाने वाला एल वी एम–थ्री इसरो द्वारा विकसित तीन–चरण वाला मध्यम–लिफ्ट प्रक्षेपण वाहन है। इसरो ने एक बयान में कहा कि प्रत्येक मिशन का क्रायोजेनिक इंजन उड़ान के लिए अपनी स्वीकृति प्रक्रिया के हिस्से के रूप में हॉट टेस्टिंग से गुजरता है। नई परीक्षण पद्धति क्रायोजेनिक इंजन की फ्लाइट एक्सेप्टेंस टेस्टिंग के लिए आवश्यक सेटअप समय और प्रयास को काफी कम कर देती है।

000

केन्द्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उपभोक्ता भ्रामक दावों के विरूद्ध पूरी तरह जागरूक और सुरक्षित हों। श्री जोशी आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर एक वेबिनार को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। श्री जोशी ने कहा कि सरकार न केवल उपभोक्ताओं के संरक्षण बल्कि उपभोक्ताओं की समृद्धि पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। इधर, विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम रखे गए।

इस साल की थीम है – **सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन**। आज से ही उपभोक्ता जागरुकता सप्ताह की भी शुरूआत हुई। सप्ताह के पहले दिन आज झुंझुनूं में रंगोली के माध्यम से उपभोक्ता हेल्पलाइन नम्बर 1 9 1 5 की आकृति को उकेरा गया। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील ने बताया कि कल ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिता रखी जाएगी। वहीं 18 मार्च को महिलाओं के लिए जागरुकता संगोष्ठी होगी। उन्होंने बताया कि सप्ताहभर चलने वाली गतिविधियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति सचेत किया जाएगा।

000

प्रदेशभर में आज पुलिसकर्मियों ने हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व मनाया। जोधपुर में पुलिस लाइन परिसर में जवानों ने होली खेली। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह और पुलिस उपायुक्त आलोक श्रीवास्तव सहित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। डूंगरपुर में पुलिस लाइन में आयोजित होली मिलन समारोह में पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। झुंझुनूं जिले में सभी पुलिस थानों और पुलिस चौकियों में होली की रंगत रही। कोटपूतली बहरोड़ में पुलिस अधिकारियों के साथ व्यापारी और पत्रकार भी आयोजन में शामिल हुए। पुलिसकर्मियों ने इस अवसर पर रैली भी निकाली, जिसका जगह–जगह स्वागत किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने होली पर दो दिन तक मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाने के लिए पुलिसकर्मियों की सराहना की।

000

कोटा के सांगोद में आज से पारम्परिक न्हाण लोकोत्सव शुरू हो रहा है। इस दौरान विभिन्न स्वांग रचकर हंसी ठिठोली और मनोरंजन के साथ सामाजिक संदेश दिए जाते हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि लोकोत्सव में कल चौधरी पाड़ा पक्ष की बारह भाले की सवारी निकलेगी। वहीं परसों राजसी ठाठ बाट से बादशाह की सवारी निकाली जाएगी।

भीलवाडा के शाहपुरा में चल रहे फूलडोल महोत्सव में आज अणभैवाणी ग्रंथ की शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा में राम स्नेही सम्प्रदाय के अनुयायी शामिल हुए। हमारे संवाददाता ने बताया कि पांच दिन के इस महोत्सव में भाग लेने के लिए देश–विदेश से श्रद्धालु पहुंचे हैं।

000

अगले साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार–2026 के लिए नामांकन आज से शुरू हो गए हैं। इनके लिए नामांकन की आखिरी तारीख 31 जुलाई है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाएँ केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी। पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। ये पुरस्कार 'विशिष्ट कार्य' को मान्यता देने का प्रयास करते हैं। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। डॉक्टर और वैज्ञानिकों को छोड़कर, सार्वजनिक उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कारों के लिए पात्र नहीं हैं।

000